तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 शहर में युवा पथ संचलन, राष्ट्र निर्माण का दिए संदेश



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के सभी विभागों की व्यापक समीक्षा बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना रहा। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यों, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों, जन शिकायतों तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण में लंबित मामलों की बारीकी से समीक्षा की गई।

### कांग्रेस प्रभारी ने धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं छग कांग्रेस की सह प्रभारी श्रीमती जरीता लैतफलांग ने बुधवार को नागपुर धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर धान खरीदी में आ रही समस्याओं, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों की खरीदी प्रक्रिया सहित विभिन्न मुद्दों पर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एमसीबी अशोक श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज मेमन, महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क)(1) के अंतर्गत निवासी छरछा तहसील केल्हारी फूलकुंवर की पानी में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पति चीनीलाल को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार निवासी पाराडोल तहसील मनेन्द्रगढ़ में मंदीप सिंह की मृत्यु जहरीले सर्प के काटने के कारण हो गया था, जिससे मृतक के पिता महेन्द्र सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सेंट्रल बैंक का सर्वर फेल, लेनदेन प्रभावित

**बैकुण्ठपुर।** सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बैकुंठपुर के ग्राहकों को बीते दिन दिनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बैंक का मुख्य सर्वर डाउन होने के कारण बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई है, इससे काफी संख्या में खाताधारकों के दैनिक वित्तीय लेन देन प्रभावित हुए हैं। सेंट्रल बैंक का सर्वर तीन दिनों से खराब होने से बैंक खाताधारकों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, वहीं दैनिक वित्तीय लेन-देन करने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है, वहीं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपने खाता से राशि नहीं निकाल पा रहे हैं, इसके अलावा अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। बैकुंठपुर मुख्यालय का मुख्य ब्रांच होने के कारण यहां ग्राहकों की सबसे अधिक भीड़ जुटती है, जिन्हें तीन दिनों से सर्वर डाउन होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बैंक उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिन्हें जरूरी काम है, उन्हें आज कल आने को कहा जा रहा है। कई लोगों को कैश की जरूरत हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने से उन्हें केश भी नहीं मिल पा रहा है, इसके अलावा अन्य बैंकिंग कार्य के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा के उपभोक्ताओं को तीन दिनों से परेशान होना पड़ रहा है।

### झगराखाण्ड में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

# प्रतियोगिता से निखरती है प्रतिभा: श्यामबिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के झगराखाण्ड नवयुवक समिति के तत्वावधान में झगराखाण्ड नगर में वार्डों का महासंग्राम के अंतर्गत भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न वार्डों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 11 के मध्य खेला गया, जिसमें रोमांचक और संघर्षपूर्ण खेल के बाद वार्ड क्रमांक 11 ने जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर के 15 वार्डों की टीमों के साथ प्रेसिडेंट इलेवन की टीम ने भी हिस्सा लिया। इस प्रकार कुल 16 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रारंभिक मुकाबलों से लेकर सेमीफाइनल और फाइनल तक दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः वार्ड क्रमांक 11 की टीम ने बेहतर रणनीति और सामूहिक खेल के दम पर वार्ड क्रमांक 2 को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मैच के दौरान खेल मैदान तालियों और नारों से गूंजता रहा। फाइनल मुकाबले के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीमों को भी पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है। खेल ना केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच भी विकसित करता है। उन्होंने झगराखाण्ड नवयुवक समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजन समिति और सभी खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झगराखाण्ड के सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव तत्पर हैं और युवाओं को खेल, शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में खेल प्रेमी, जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान खेल भावना और उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नवयुवक समिति से अजय सिंह, विनोद थापा, अमन श्रीवास, दीपू दीवान, दीपक सिंह, मान सिंह, अभिषेक सिंह, जीत परेवा, अंकित, अम्बर, अर्जुन देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



विजेता को शील्ड प्रदान करते स्वास्थ्य मंत्री।

## पीएम आवास योजना में लापरवाही 32 सचिवों का वेतन रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में न्यूनतम प्रगति और गंभीर लापरवाही पाए जाने पर सख्त रूख अपनाते हुए बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। जनपद पंचायत भरतपुर, खड़गवां एवं मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत कार्यरत कुल 32 पंचायत सचिवों के वेतन आहरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।



यह कार्रवाई योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में लगातार शिथिलता और अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने के कारण की गई है। सीईओ अंकिता सोम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली और महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को समय-सीमा के भीतर पक्का आवास उपलब्ध कराना है। ऐसी स्थिति में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या कार्य में शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने निर्देशित किया कि सभी सचिव निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराएं, सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा समय पर जियो टैगिंग की प्रक्रिया पूरी कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार किस्त का भुगतान कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में ⏭ शेष पेज 4 पर

## विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए हुई बैठक



**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अनुपालन में शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई।

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण, संवर्धन एवं समग्र कल्याण के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में समिति सदस्यों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों में व्याप्त मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। यह पहल राज्य स्तर पर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उनकी समग्र सफलता का आधार है। सभी सदस्य इस विषय को गंभीरता से लें, टीम बनाकर बच्चों को प्रेरित करें। परीक्षाओं से पूर्व सभी स्कूलों तक पहुंच बनाएं। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जोर देकर कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में वातावरण की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी बच्चों में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। फिजिकल वर्कआउट से जोड़ें, मोबाइल व सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव बताएं तथा शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। बैठक में सहायक संचालक विनोद कुमार राय जिला शिक्षा अधिकारी, जितेन्द्र गुप्ता, श्रीमती उषा लकरा सहायक आयुक्त जनजातीय विकास विभाग, नवल सिंह रावटे जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, विनोद कुमार राय जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओं संग्राम के तहत लाई में जन चौपाल

**मनेन्द्रगढ़।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बुधवार को एमसीबी जिले के ग्राम महाराजपुर, लाई और नर्सरी में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं छग कांग्रेस सह प्रभारी जरीता लैतफलांग के साथ पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, जिला प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू शामिल रहे। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें संबोधित किया। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने व समाप्त करने की भाजपा की साजिश को उजागर किया। मौजूद ग्रामीणों को काम के अधिकार और मनरेगा की अहमियत के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, मनरेगा बचाने की बात कही। जन चौपाल में विशेष रूप से महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहरी श्रीमती रूमा चटर्जी, श्रीमती निर्मला चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस अमोल सिंह मरावी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाफिज मेमन, जनपद सदस्य शाहनवाज अली, ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष काशिम अंसारी, श्रीमती शोभना वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष महिला ग्रामीण श्रीमती नीलिमा शामल, पार्षद शहाबुद्दीन,बलवीर सिंह, राजेश सिंह, शाहिद महमूद, आशीष राय, अमोल सिंह मरावी, अमर सिंह, कृष्णा राय, अभिषेक राय, भावेश जैन सहित काफी संख्या में कांग्रेस के साथी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बिजली केबल चोरी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा क्षेत्र में बिजली केबल चोरी के एक बड़े मामले में पुलिस को अहम सफलता मिली है। अपराध क्रमांक 201/2025 के तहत दर्ज प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2025 को एसईसीएल चरचा में कार्यरत कर्मचारी धर्म नारायण द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 14 अक्टूबर की रात 11 बजे से सुबह 6 बजे के बीच 56 लेवल पंप के पास से लगभग 450 मीटर केबल वायर को अज्ञात चोरों ने कटर मशीन से काटकर चोरी कर लिया था। चोरी गए केबल की अनुमानित कीमत करीब 70-80 हजार रूपए बताई गई थी। इस मामले में पूर्व में पुलिस द्वारा 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका था, जबकि तीन आरोपी फरार थे। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही पतासाजी के दौरान 13 जनवरी 2026 को फरार आरोपी गगन उर्फ समोरे बसोर आ.स्व. दिलीप बसोर उम्र 20 वर्ष तथा राम कुमार बसोर उम्र 17 वर्ष 3 माह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेश चौधरी व एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद पांडे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम में एएसआई, आरक्षक एवं सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## 17 को पुन: विद्यालयों में लटकेगा ताला



**सोनहत।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षा फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर ब्लॉक इकाई सोनहत द्वारा 17 जनवरी को आयोजित एक दिवसीय हड़ताल में विकासखंड के समस्त शिक्षकों के शामिल होने की सूचना देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोनहत एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगे पूरी नहीं की गईं तो आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए विवश होंगे।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश मारिक, कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र राजवाड़े, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू, मीडिया प्रभारी बैजनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सूरजलाल, विकास सिंह, तुलसी कुमार, संजय भारती सहित काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### अब तक 1 लाख 23 हजार क्विंटल का उठाव

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत एमसीबी जिले में उपार्जित धान का उठाव तीव्र, सुव्यवस्थित और पूर्णतः किसान हितैषी तरीके से संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सशक्त नेतृत्व और स्पष्ट दिशा-निर्देशों के परिणामस्वरूप जिले में धान उठाव कार्य लगातार सुचारू रूप से जारी है, जिससे उपार्जन केन्द्रों से धान का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित हो रहा है। जिले में अब तक कुल 6.32 लाख क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से 1 लाख 23 हजार क्विंटल धान का सफल उठाव किया जा चुका है, जो कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 19.49 प्रतिशत है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में 5,09,119 क्विंटल धान शेष है, जिसके उठाव के लिए प्रशासन द्वारा चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है और शेष धान का उठाव भी शीघ्र गति से कराया जाएगा। केन्द्रवार स्थिति के अनुसार कछोड़ में 1,980 क्विंटल, केल्हारी में 24,940 क्विंटल, कटकोना में 830 क्विंटल, कोड़ा में 5,430 क्विंटल, कौड़ीमार में 7,310 क्विंटल, खड़गवां में 2,880 क्विंटल, बरदर में 4,760 क्विंटल, चैनपुर में 18,880 क्विंटल, रतनपुर में 10,410 क्विंटल, कुंवारपुर में 590 क्विंटल, घुटरा में 10,590 क्विंटल, कठौतिया में 12,760 क्विंटल, नागपुर में 9,640 क्विंटल, बंजी में 2,450 क्विंटल, जनकपुर में 480 क्विंटल, डोडकी में 3,250 क्विंटल, बरबसपुर में 3,000 क्विंटल तथा माड़ीसरई में 3,080 क्विंटल धान का सफल उठाव संपन्न हुआ है।

## कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम पर शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कन्या महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत 12 जनवरी को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य 23 दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं हो पाने वाले पात्र मतदाताओं तथा 1 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रारूप-6 में आवेदन प्राप्त करना था।

शिविर का आयोजन स्वीप के प्रोफेसर नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कुमार डे के नेतृत्व में किया गया। शिविर की पूर्व सूचना महाविद्यालय की समस्त छात्राओं को पहले ही प्रदान कर दी गई थी। इसी क्रम में 10 जनवरी को प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के आह्वान पर एक विशेष असेम्बली का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. सुमित कुमार डे द्वारा शिविर से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा काफी संख्या में छात्राओं एवं महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों से शिविर में सहभागिता की अपील की गई। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्राएं आवश्यकतानुसार अपने माता-पिता के साथ भी शिविर में शामिल हो सकती हैं। शिविर की सूचना सोशल मीडिया (व्हाट्सएप) के माध्यम से भी प्रचारित की गई तथा अधिक जानकारी हेतु नोडल अधिकारी से संपर्क करने की अपील की गई। निर्धारित तिथि को शिविर का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को शिविर के उद्देश्य एवं मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र छात्राओं को घोषणा पत्र के साथ प्रारूप-6 के आवेदन पत्र वितरित किए गए। शिविर के दौरान कुल 65 पात्र-छात्राओं को आवेदन पत्र प्रदान किए गए एवं उन्हें संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार महाविद्यालय में स्वीप नोडल अधिकारी से संपर्क करने की जानकारी भी दी गई। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।



### आंगनबाड़ी सहायिका परेशान, कलेक्टर से संज्ञान लेने की अपील

# जनदर्शन में लोगों की शिकायतों पर नहीं हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनता के शिकायतों का त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जहां विभिन्न समस्याओं के पीड़ितों को उम्मीद रहता है कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द निराकरण हो सकेगा, लेकिन एमसीबी जिला प्रशासन के मातहत अधिकारियों की मनमानी के कारण कलेक्टर जनदर्शन में दिए जाने वाले शिकायतों को भी प्राथमिकता से निराकरण करने में महीनों बीत जा रहे हैं।

ताजा मामला एक ऐसी पीड़िता की है, जिसे आंगनबाड़ी के सहायिका पद से महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों के मौखिक आदेश से काम पर नहीं आने के निर्देश दिया गया, निर्देश के बाद पीड़िता काम पर आना बंद कर दिया। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के खड़गवां जनपद अंतर्गत खड़गवां परियोजना अंतर्गत ग्राम नेवरी निवासी कृष्णा सिंह का अपने गांव के घोकवापारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बतौर सहायिका के पद पर हुई थी। 5 माह कार्य करने के उपरांत यह कहकर कार्य से उपस्थित होने से मना कर दिया गया, कि सहायिका भर्ती को लेकर शिकायत हुई है। बिना लिखित आदेश के काम से बाहर कर दिया गया। इस मामले को लेकर पीड़िता के द्वारा अगस्त 2025 को कलेक्टर एमसीबी को लिखित शिकायत दी, इस पर किसी तरह की कार्रवाई ⏭ शेष पेज 4 पर




### पीड़िता का दर्द अब कहां जाऊं

कार्यालयों का चक्कर काटते परेशान पीड़िता के आखों में बेबसी झलक रही थी, उसने कहा कि हम बडे अधिकारी के पास इसलिए जाते हैं,ताकि हमारी बात सुनी जाए, अगर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत के बाद भी कुछ न हो तो गरीब किसके पास जाए। यह मामला न केवल एक पीड़िता के शिकायत की है, बल्कि यह जिला प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है।

### दफ्तरों के चक्कर काटने को विवश

इस मामले की पीड़िता कृष्णा सिंह ने बताया कि न्याय की उम्मीद लिए वह बार-बार कलेक्टर कार्यालय का चक्कर काटी, लेकिन अब उसकी हिम्मत जवाब दे रही है। पीड़िता ने बताया कि एक उसने 22 अगस्त 2025 को कलेक्टर को आवेदन देकर समस्या निराकरण की मांग की थी, लेकिन इसके दो माह तक कोई निराकरण नहीं हुआ, तब कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर 11 नवंबर को पहली बार आवेदन दिए, इसके बाद भी लगभग दो माह होने को हुआ तब तक आवेदन का निराकरण नहीं हो पाया था, तब 6 जनवरी व 13 जनकवरी को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आवेदन देने पहुंची तो अधिकारी आवेदन पुराने टोकन नंबर पर लिए, लेकिन पावती नहीं दिए। बार-बार आवेदन देने आने-जाने में रूपए भी खर्च होते हैं। ऐसे में सवाल यह है कि अगर जनता का भरोसा जनदर्शन के अंतिम उम्मीद से भी उठ जाए तो लोग न्याय के लिए कहां जाएंगे।

## पूर्व विधायक ने वार्डवासियों से की मुलाकात



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा में मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर जनसंपर्क एवं आत्मीय मिलन का सजीव दृश्य देखने को मिला, जब क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव नगर पहुंची।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में नागरिकों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं से संवाद किया। उन्होंने मकर संक्रांति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व नई ऊर्जा, आपसी सौहार्द और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष चांदनी सोनी, नगर पालिका बैकुंठपुर उपाध्यक्ष आशीष यादव, अन्य पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष हेमसागर, चरचा ब्लॉक अध्यक्ष अजीत लकड़ा, बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष बिहारीलाल राजवाड़े, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

लाइफ Style

# तापसी

## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।

तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

टीवी मसाला



# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान



को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं




**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स :** आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती :** फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया :** शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल :** फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

*__नई दिल्ली।__ मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी ' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी ' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

## खबर संक्षेप

### जीरामजी पर कांग्रेस का प्रदर्शन जुमलेबाजी



मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले में कांग्रेस का जो प्रदर्शन जीरामजी के विरुद्ध वह सिर्फ एक जुमले बाजी है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाई गई इस योजना में रोजगार की गारंटी के साथ-साथ 125 दिन का जो वादा किया गया है वह भी मिलेगा। कृषि कार्य के समय सभी को छुट्टियां भी मिलेगी, ताकि किसानों का भी जो काम है वह आसानी से हो सके। इस तरीके से बड़ी सकारात्मक बातों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने रोजगार गारंटी योजना को अद्भुत तरीके से जनता को समर्पित किया है।

### मकर संक्रांति पर्व के साथ ही खरमास खत्म

बैकुण्ठपुर। एक माह से चला आ रहा खरमास 14 जनवरी मकर संक्रांति पर्व के साथ ही समाप्त हो गया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही देवताओं का उत्तरायण काल शुरू हो गया और इस दिन से सभी तरह के मॉगलिक कार्यो की शुरूआत कर सकेगे। अब लोग गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, जनेउ संस्कार, विवाह संस्कार जैसे कार्यो पर लगा प्रतिबंध हट गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम आवास योजना...

प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां विशेष ध्यान देते हुए युद्धस्तर पर कार्य किया जाए, ताकि योजना के उद्देश्यों की पूर्ति समय पर हो सके। सीईओ ने दोहराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराना केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही शासन की मंशा के विपरीत है और ऐसे मामलों में भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### जनदर्शन में शिकायत...

होता न देखकर जनदर्शन कार्यक्रम में 11 नवंबर 2025 को आवेदन प्रस्तुत किया, लेकिन दो माह होने के बाद भी आवेदन का निपटारा नहीं हुआ। इसी बीच पीड़िता ने और आवेदन देकर समस्याओं के निराकण पर ध्यान दिलाया। कई बार आवेदन देने के बाद भी पीड़िता के आवेदन पर किसी तरह की कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई।

### जिला मुख्यालय के प्रेमाबाग मैदान में आयोजन

# शहर में युवा पथ संचलन, राष्ट्र निर्माण का दिए संदेश

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर





स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्टीय युवा दिवस के अवसर पर बैकुंठपुर नगर के प्रेमाबाग मैदान में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में भव्य युवा पथ संचलन का आयोजन हुआ। अनुशासन, एकता और राष्टभक्ति से ओत-प्रोत इस आयोजन में सैकड़ों युवा स्वयंसेवकों ने गणवेश धारण कर सहभागिता निभाई और नगर में राष्ट निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिद्धिविनायक पांडेय बाल कार्य प्रमुख आरएसएस छग ने स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव और अखंड भारत के निर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर सह जिला संघ चालक नरेश सोनी सहित नगर के वरिष्ठ स्वयंसेवकों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर आगामी युवा संगम आयोजनों 24, 25, 29 एवं 31 जनवरी में अधिक से अधिक युवाओं को सहभागी बनने का आग्रह किया गया।

### राष्टीय युवा दिवस पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता



मनेन्द्रगढ़। राष्टीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में विवेकानंद कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह कार्यक्रम संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छग शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय के छात्र नैतिक वर्मन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि प्रार्थना केवट ने द्वितीय स्थान उपविजेता प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा बढ़ाई। इसी क्रम में काव्य पाठ प्रतियोगिता में वेदिका तिवारी ने अपनी प्रभावशाली एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रतिभा शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट काव्य प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त लायंस क्लब द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय की छात्रा सिमरन को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### राष्ट के लिए समर्पित होकर समाज की सेवा करें वही स्वयंसेवक-देवेन्द्



मनेन्द्रगढ़। राष्टीय स्वयंसेवक संघ ने स्वामी विवेकानंद जी की 163 वें जन्म जयंती के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ नगर में युवा पथ संचलन का आयोजन विमल श्री टॉकीज में किया। इसमें काफी संख्या में स्वयंसेवको की सहभागिता रही। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के पश्चात पथ संचलन विमल श्री टॉकीज से प्रारंभ होकर संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए वापस विमल श्री टॉकीज पहुंचा। संचलन के दौरान स्वयंसेवकों में अनुशासन एवं समयबद्धता देखी गई। नगर में अनेक चौक-चौराहों में माताओ-बहनों एवं समाज के लोगों द्वारा संचलन पर पुष्प वर्षा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह देवेन्द्र सिंह रहे। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के त्याग और तपस्या से भरे जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में आत्मसात कर अपने जीवन को सफल बनाने के साथ-साथ सार्थक बनाने का भी कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जिसकी 65 प्रतिशत आबादी युवा है और यही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है, आज हमारा देश कई क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, परंतु कई विरोधी शक्तियां इस प्रगति को रोकने का प्रयास कर रही है साथ ही देश-समाज के सामने मतांतरण, नशाखोरी, नैतिक मूल्यों का पतन जैसी कई और चुनौतियां भी हैं, जिसका समाधान हम युवा समाज जागरण और पंच परिवर्तन के माध्यम से निकाल सकते हैं। उन्होंने युवा स्वयंसेवको से कहा कि युवा शक्ति ही भारत का भविष्य बदल सकती है, भारत को पुनः विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने के लिए हमें स्वयं का निजी विचार ना करते हुए अपना जीवन राष्ट के लिए समर्पित करना होगा, तभी हम एक सच्चे स्वयंसेवक कहलाएंगे। कार्यक्रम में जिला संघचालक नीरज अग्रवाल उपस्थित रहे।

## लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व का आयोजन




मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के मानक शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में लोहड़ी और मकर संक्रांति और पोंगल के पावन पर्व पर हर्षोल्लास से भरा उत्सव आयोजित किया गया। सर्दी के इन दिनों में सूर्यदेव की उत्तरायण गति का स्वागत करते हुए स्कूल परिसर रंग-बिरंगे फूलों, तिल-गुड़ की मिठास और पारंपरिक लोक नृत्यों से सजा नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.बसंत कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ। कक्षा नौवीं की छात्राओं ने पारंपरिक पंजाबी नृत्य भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी की शिक्षिका सुश्री अवनीत कौर ने लोहड़ी के विशेष पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय को बताया कि लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रमुख लोकपर्व है, जिसे विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और दिल्ली में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यह पर्व प्रतिवर्ष 13 जनवरी को मनाया जाता है और शीत ऋतु के अंत तथा नई फसल के स्वागत का प्रतीक होता है। लोहड़ी प्रकृति, परिश्रम और जीवन के उल्लास का पर्व है, जो हमें कृतज्ञता और आनंद के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अगली श्रेणी में लोहड़ी की प्रथा के अनुरूप विशाल अलाव जलाया गया, जिसमें छात्रों ने पीले वस्त्र धारण कर नृत्य किया और तिल, गुड़ तथा चना प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्य बसंत कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व हमें सूर्य की ऊर्जा और फसल की समृद्धि का संदेश देते हैं। छात्रों को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना हमारा दायित्व है।








